हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 1 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

4
निष्क्रिय खातों के निराकरण में तेजी, 6 करोड़ 86 लाख...



## खबर संक्षेप

### बिना पूर्व स्वीकृति के छुट्टी पर जाने से लगी रोक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सुशासन तिहार एवं जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को दृष्टिगत रखते हुए परिपत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि कोई भी शासकीय सेवक सक्षम प्राधिकारी द्वारा अवकाश स्वीकृत किए जाने से पूर्व अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने सर्व कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर कहा है कि बिना पूर्व स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित रहना स्वैच्छिक अनुपस्थिति मानी जाएगी और इसे सेवा नियमों के तहत ब्रेक इन सर्विस (सेवा में व्यवधान) के रूप में देखा जा सकता है। सभी शासकीय सेवक को आकस्मिक अवकाश की स्थिति में भी यथासंभव दूरभाष या डिजिटल माध्यम से पूर्ण सूचना देना अनिवार्य होगा, जिसकी लिखित पुष्टि कार्यालय आगमन के तत्काल बाद करनी होगी। अवकाश परिस्थिति में लंबे अवकाश (अर्जित अवकाश आदि) पर जाने से पूर्व संबंधित शासकीय सेवक को अपने कार्यों का प्रभार अन्य अधिकारी- कर्मचारी को विधिवत सौंपना अनिवार्य होगा। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### घर में लगी आग, जिंदा जला पूर्व पंचायत सचिव

**बिहारपुर।** सूरजपुर जिला अंतर्गत दूरस्थ ग्राम उमझर में तड़के स्कूलपारा में एक घर में भीषण आग लग गई। इस दौरान घर में सो रहे पूर्व सचिव आग से घिरने के कारण बाहर नहीं निकल सके तथा आग में जिंदा जल गए। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्राम उमझर स्कूल पारा निवासी पूर्व पंचायत सचिव ईश्वर सिंह आयाम (55 वर्ष) अपने कमरे में अकेले सो रहे थे। उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में गई थी। बजाया जा रहा है बुधवार की सुबह 7 बजे ईश्वर सिंह अपने घर में सो रहे थे। इस दौरान घर में अचानक आग लग गई तथा देखते ही देखते आग ईश्वर सिंह के घर में फैल गई। आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तथा आग बुझाने की कोशिशे भी की। आग पूरे घर में फैलने के कारण ग्रामीणों को आग बुझाने में सफलता नहीं मिल सकी। इस दौरान कमरे में सो रहे ईश्वर सिंह आग से घिरने के कारण बाहर नहीं निकल सके तथा आग में जिंदा जल गए। आग से पूर्व पंचायत सचिव का पूरा घर एवं घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया तथा शव को पीएम के लिए भेजवाया। पैरावट एवं घर में आग कैसे लगी अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रामवासी पुरानी रंजिश में किसी व्यक्ति द्वारा आग लगाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पूर्व सचिव ने अपने घर से सटी खाली जमीन में मचान बनाकर पैरावट का भण्डारण किया था। घर के छप्पर से सटे होने के कारण पैरावट की आग पूरे घर में फैल गई तथा देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।

### एबीईओ ने शिक्षकों से की अवैध वसूली, हटाए गए

**अम्बिकापुर।** शिक्षकों से अवैध वसूली की शिकायत के बाद कलेक्टर अजीत वसंत ने सख्त रुख अपनाया है। जनदर्शन में की गई शिकायत के बाद एबीईओ को तत्काल प्रभाव से हटाकर मूल पदस्थापना स्थल पर भेज दिया गया है वहीं अब इस मामले में मामले में चार सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। टीम को तीन दिनों के भीतर जांच कर अपना अभिमत देने का निर्देश डीईओ दिनेश झा ने दिया है। बता दें कि सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखनपुर मनोज कुमार तिवारी के खिलाफ लखनपुर क्षेत्र के शिक्षकों ने जनदर्शन में शिकायत की थी। इस शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एबीईओ मनोज कुमार तिवारी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी का सील लगा शिक्षकों से 2000 से 3000 रुपए वसूल किया जा रहा है और उन्हें डराया धमकाया जा रहा है।

# डीआईजी बोले- मेहनत करने वालों के लिए हर मंजिल आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- जशपुर पुलिस ने किया टॉपर्स का सम्मान

जिले में शिक्षा और प्रतिभा को सम्मान देने की मिसाल पेश करते हुए जशपुर पुलिस ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश टॉप-10 में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों के साथ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया।

समारोह में डॉ. लाल उमेद सिंह ने विद्यार्थियों को सम्मान पत्र और मेमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं अभिभावकों को शॉल और श्रीफल भेंट कर उनके योगदान को भी सराहा गया। समारोह में मौजूद लोगों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया।



टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान करते पुलिस महकमे के अफसर।

### विद्यार्थियों और माता-पिता से की सीधी बात

डीआईजी डॉ. लाल उमेद सिंह ने विद्यार्थियों और उनके माता-पिता से वन-टू-वन चर्चा की। उन्होंने करियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अनुशासन और समय प्रबंधन को लेकर जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को सफलता जरूर मिलती है।

### आगे भी होंगे ऐसे कार्यक्रम

डीआईजी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस आगे भी मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए इस तरह के आयोजन करती रहेगी। यह कार्यक्रम जिले के युवाओं के लिए संदेश बनकर सामने आया कि मेहनत करने वालों की सफलता का सम्मान हर मंच पर होता है।

### टॉप-10 में जगह बनाने वाले छात्र-छात्राएं

आशा यादव – 97.40% (12वीं)
करिश्मा सिंह – 97.20% (12वीं)
आयुष पैंकरा – 96.80% (12वीं)
आयुषी सिन्हा –98.16% (10वीं)
भूपेश यादव – 95.70% (10वीं)

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रदीप साहू, राकेश पटनवार, अमरजीत खुंटे, मुकेश झा सहित कई अधिकारी, मेधावी छात्रछात्रा एवं परिजन, पत्रकार और अभिभावक मौजूद रहे।

### पुलिस परिवार के बच्चों को भी मिला सम्मान

10वीं **CBSE**
विभूषा सारथी – 92.60%
पूर्वी सिंह – 90%
10वीं **CGBSE**
मौसमी साहू – 94.83%
कमलेश यादव – 93.6%
तनया लकड़ा – 91.83%
अनुराधा पैंकरा – 84.33%
12वीं **CGBSE**
आयुष यादव – 95.2%
स्वाति पैंकरा – 88.8%
अमन तिर्की – 80.8%
प्रीतम साय पैंकरा – 77.8%

## 5 महीने बाद आरोपी पति गिरफ्तार

# शराब के पैसों को लेकर पत्नी की पत्थर मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां शराब पीने के लिए पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में पति ने अपनी पत्नी की पत्थर मारकर हत्या कर दी। घटना के करीब पांच महीने बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी जेबियल मिंज उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बम्बा, थाना बगीचा ने अपनी पत्नी श्रीमती मिंज उम्र 28 वर्ष पर जानलेवा हमला किया था। महिला की इलाज के दौरान रायपुर में मौत हो गई थी। मामले में बगीचा थाना में धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी और मृतका पिछले करीब चार वर्षों से पति-पत्नी की तरह साथ रह रहे थे। दोनों का एक सात महीने का बच्चा है, जिसे परवरिश के लिए मृतिका की बहन को सौंपा गया था। बताया गया कि 9 नवंबर 2025 को आरोपी जेबियल मिंज शराब के नशे में अंबिकापुर से घर लौटा। उस समय उसकी पत्नी भी नशे में थी और उसके पास कुछ पैसे थे। आरोपी ने शराब पीने के लिए पत्नी से पैसे मांगे, लेकिन पत्नी ने पैसे देने से इंकार कर दिया और सड़क की ओर भागने लगी। इसी दौरान दोनों के बीच झगड़ा हुआ और आरोपी ने पास में पड़े पत्थर से पत्नी पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से महिला मौके पर गिर पड़ी और पूरी रात सड़क किनारे पड़ी रही। वारदात के बाद आरोपी घर लौट गया।



### रायपुर में हुई मौत

अगली सुबह ग्रामीणों ने घायल महिला को उठाकर बगीचा अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे अंबिकापुर रेफर किया, जहां से आगे रायपुर भेजा गया। इलाज के दौरान 30 नवंबर 2025 को महिला ने दम तोड़ दिया।

### हत्या का मामला दर्ज

रायपुर के गोलबाजार थाना से केस डायरी प्राप्त होने के बाद बगीचा पुलिस ने मामले की पुनः जांच की। जांच में हत्या की पुष्टि होने पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पत्थर भी बरामद किया गया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे 30 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## तेज रफ्तार बाइक ने गुपचुप ठेले को मारी टक्कर, युवक की मौत



तुमला थाना क्षेत्र के पेटामारा मेन रोड पर मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक ने गुपचुप ठेला लगाकर रोजी-रोटी कमाने वाले राजेश दास को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल राजेश को तुरंत सुंदरगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि राजेश दास रोज की तरह सड़क किनारे अपना ठेला लगाकर काम कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे बाइक सवार युवक ने नियंत्रण खो दिया और सीधे ठेले से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ठेला पूरी तरह पलट गया और राजेश को अंदरूनी गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक भी घायल होकर बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिए फरसाबहार अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना आम बात हो गई है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।

## चार खाद दुकानों का लाइसेंस 21 दिनों के लिए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खरीफ सीजन 2026 के प्रारंभ होते ही जिले में कृषि आदानों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा सख्त निगरानी की जा रही है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) एमआर भगत के द्वारा खरीफ पूर्व तैयारियों के तहत विभिन्न विकासखंडों में कृषि आदान विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने तथा उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कार्रवाई के तहत मेसर्स अन्नु कृषि केन्द्र, कांसाबेल, मेसर्स अन्नु सीड्स कुनकुरी, मेसर्स मौसम बीज भंडार, कवई विकासखंड बगीचा तथा मेसर्स कृषि कल्प एग्रीकल्चर प्वाइंट, मुडाबहला विकासखंड पत्थलगांव के उर्वरक विक्रय लाइसेंस को उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश, 1985 के खंड 26 (A) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 21 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

निलंबन अवधि के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा रासायनिक उर्वरकों का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय खंडहर में हो रहा तब्दील

**पुसौर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए सामुदायिक शौचालय आज खंडहर बन चुके हैं। निर्माण के समय नलकूप खनन पानी टंकी पाइपलाइन जैसी समुचित व्यवस्था की गई थी लेकिन रखरखाव के अभाव में ये सभी सुविधाएं अब अनुपयोगी हो गई हैं। जमीनी हकीकत यह है कि इसमें लटके ताले, टंकियां सूखी, बोर बंद सहित अन्य कई प्रकार के बंदइंतजामी दिख रहा है।

## शिक्षक महेंद्र नवाचारी शिक्षा रत्न से सम्मानित



**कोतबा।** जिले के कोतबा नगर पंचायत के नवाचारी शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला डोंगदरहा (विकासखंड-फरसाबहार) में पदस्थ महेंद्र बंजारा को नवाचारी गतिविधियां समूह, भारत' द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह 2025-26 से सम्मानित किया गया है। महेंद्र बंजारा के पढ़ाने के अनोखे तरीके तब चर्चा में आए जब उनके द्वारा बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। उनके इन प्रयासों को 24 लाख से अधिक लोगों ने देखा और सराहा। श्री बंजारा ने सिद्ध किया है कि यदि शिक्षक ठान ले, तो पढ़ाई बच्चों के लिए बोझ नहीं बल्कि आनंद बन सकती है। वे स्कूल में 'बैगलेस डे' और पारंपरिक खेलों जैसे फुगड़ी, पिट्ठुल और लंगड़ी के माध्यम से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर बंजारा समाज के किलकिला परिक्षेत्र (रायगढ़-जशपुरनगर) के अध्यक्ष नंदकुमार बंजारा ने कहा कि समाज द्वारा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। दुर्गेश देवांगन, बीईओ फरसाबहार ने कहा कि उन्होंने निरंतर प्रयास और निष्ठा से यह सफलता हासिल की हैं।

## विभिन्न मांगों को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**सरिया।** शासकीय आईटीआइ में विभिन्न समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है और शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। सरिया के शासकीय आईटीआइ में विभिन्न समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। प्राचार्य को सौंपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई ने कहा है कि यहां विभिन्न ट्रेडों में पुराने उपकरणों से तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो उचित नहीं है। नए एवं अपडेट मशीनरी एवं तकनीकी से प्रशिक्षण दी जाए। साथ ही साथ यहां छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए आईटीआइ प्रशिक्षण केंद्र में पंखा, कूलर आदि की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं है। इसकी भी उचित व्यवस्था की जाए। तथा जर्जर भवन में आईटीआइ संचालित होने से छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त नहीं हो रही है।

# जिले के 6 नवाचारी शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**जशपुरनगर।** देश का एक अनूठा महिला शिक्षकों का संगठन सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ द्वारा रायपुर के वृंदावन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लता एस मुल्लूर अपने कार्यकारिणी के साथ उपस्थिति रहीं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति वर्मा सभापति संचार एवं संपर्क जिला पंचायत रायपुर, डॉक्टर लता एस मुल्लूर संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ सारिका एस गंगा राष्ट्रीय महासचिव कल्पना बुतरेड्डी ,अनुसूया देवी पी एस ,भाग्यमां, सिधोज कविता ,राजश्री, प्रभावती एल ,शांताबाई बिरादर अतिथि वक्ता के रूप में नर्मदा प्रसाद मिश्र, डॉक्टर मनीष वत्स, विष्णु दत्त बघेल एवं डीएसपी रुचि वर्मा रही ।कार्यक्रम का संयोजन लोकेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया ।इस संगठन की प्रदेश प्रवक्ता शीतल बैस हैं कार्यक्रम में राज्य इकाई का भी गठन कर शपथ ग्रहण समारोह किया गया । इस समारोह में जशपुर के छह शिक्षकों का सम्मान हुआ जिनमें से चार शिक्षकों को नवाचारी शिक्षक के रूप में एवं दो शिक्षकों को समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। सीमा गुप्ता जो की संकल्प शिक्षण संस्थान में कार्यरत हैं और ज्योति साहनी बाघव जो कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोदाम में कार्यरत हैं। ये दोनों ही किसी कारणवश रायपुर के समारोह में उपस्थित नहीं हो पाए इन्हें राष्ट्रीय समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर पर महिला शिक्षकों की शक्ति ,एकता एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का एक भव्य मंच है जिसमें पहली बार छत्तीसगढ़ के शिक्षक शिक्षिकाओं को भी शामिल होने का अवसर मिला और उनकी प्रतिभा को एक उपयुक्त मंच मिला।सीमा गुप्ता को शिक्षा दूत सम्मान 2020 भी प्राप्त है। ज्योति साहनी बाघव को 2023 में नवाचारी संगठन द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है ।नवाचारी शिक्षक सम्मान प्राप्त अनिल कुमार कश्यप प्राथमिक शाला पैकू में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। नवाचार के नाम शिकायत से समाधान, जिससे बच्चों के संज्ञात्मक,व्यावहारिक, संस्कारिक, जीवन के मूल्यों का विकास पर उनके द्वारा कार्य किया गया है। सुनैना तिर्की शासकीय प्राथमिक शाला बड़े गम्हरिया सहायक शिक्षक हैं उन्हें विनोबा एप नवाचार में जिला में दो बार ब्लॉक में चार बार संकुल में चार पुरस्कृत हैं।



## 5 मई को खूंटीटोली से शिविर की होगी शुरुआत

# जिले के 36 क्लस्टरों में सुशासन तिहार के तहत लगेगा शिविर

- शिविरों में होगा समस्याओं का त्वरित समाधान
- एक शिविर में 11 से 18 गांवों के ग्रामीण होंगे शामिल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सहित जशपुर जिले में "सुशासन तिहार 2026" का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों के 31 एवं नगरीय निकायों के 5 कुल 36 क्लस्टरों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक शिविर में एक क्लस्टर के लगभग 11 से 18 गांवों एवं नगरीय निकायों के एक क्लस्टर में 15 वार्डों के नागरिक शामिल होकर अपनी समस्याओं का आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। कलेक्टर रोहित व्यास ने सुशासन तिहार के सुचारू संचालन के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्त कर विभागीय अधिकारियों को भी विभिन्न कार्यों का दायित्व सौंपे है। जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पहला शिविर 05 मई 2026 को कांसाबेल क्षेत्र के खूंटीटोली में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न विकासखंडों में निर्धारित तिथियों के अनुसार शिविर लगाए जाएंगे। इसके अंतर्गत बगीचा जनपद क्षेत्र में नन्हेसर में शिविर 07 मई 2026, महुआ में 12 मई, पंडरापाठ में 15 मई, कुरडेग में 19 मई, टांगरडीह में 22 मई, सरबकोम्बो-आश्रम बाजारडांड में 27 मई तथा महुवाडीह में 29 मई 2026 को आयोजित होगा। कुनकुरी जनपद क्षेत्र अंतर्गत फरसाकानी में शिविर 06 मई, बोडोकछार में 13 मई तथा कलीबा में 21 मई 2026 को आयोजित होगा। जशपुर जनपद क्षेत्र में जामटोली में शिविर 11 मई, बड़ाकरौंजा में 18 मई तथा बोकी में 25 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। दुलदुला क्षेत्र में सिमडा में शिविर 07 मई तथा कस्तुरा में 14 मई 2026 को आयोजित होगा। मनोरा क्षेत्र में खरसोता में शिविर 08 मई, रेमने में 15 मई तथा टेम्पू में 25 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। पत्थलगांव क्षेत्र में किलकिला में शिविर 08 मई, घरजियाबथान में 15 मई, राजाआमा में 22 मई, पालीडीह में 26 मई तथा कोकियाखार में 29 मई 2026 को आयोजित होगा। कांसाबेल क्षेत्र में चोंगरीबहार में 13 मई तथा कुसुमताल में 20 मई 2026 को शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार फरसाबहार क्षेत्र में बनगांव में शिविर 07 मई, बाबूसाजबहार में 15 मई, भेलवा में 21 मई तथा अमडीहा में 27 मई 2026 को आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों में भी शिविर आयोजित होंगे, जिसमें नगर पंचायत बगीचा में 13 मई, नगर पालिका पत्थलगांव में 09 मई, नगर पंचायत कोतबा में 13 मई, नगर पंचायत कुनकुरी में 11 मई तथा नगर पालिका जशपुर में 12 मई 2026 को शिविर लगाए जाएंगे।





# हॉरर फिल्म तुम्बाड 2 की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** 'तुम्बाड 2' के मेकर्स ने आखिरकार इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह मच-अवेटेड सीक्वल 3 दिसंबर को रिलीज होगा। 'तुम्बाड' के साथ सोहम शाह ने भारतीय सिनेमा में लोक कथाओं पर आधारित हॉरर फिल्मों के लिए एक अलग जगह बनाई थी और पिछले कुछ सालों में इस फिल्म की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। अब 'तुम्बाड 2' के साथ मेकर्स उस दुनिया को और आगे ले जाने की तैयारी में हैं, जहां फिल्म की कहानी और स्केल को बड़ा बनाया जाएगा, लेकिन साथ ही वही माहौल बरकरार रखा जाएगा जिसने पहली फिल्म को इतना खास बनाया था।

लाइफ Style



# कंगना
## बॉलीवुड में पूरे किए 20 साल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस और पॉलिटिशियन कंगना रनौत ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 20 साल पूरे होने पर पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने कॅरियर में कई शानदार फिल्म कर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई हैं। इस खास मौके पर उन्होंने उस खास फोटोशूट की तस्वीर शेयर की, जिसने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी थी।

इसी तस्वीर के जरिए उन्हें फिल्मों में पहला मौका मिला और उनका सफर शुरू हुआ। कंगना रनौत ने इस महीने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 20 साल पूरे कर लिए हैं। इस दौरान कंगना ने इंस्टाग्राम पर अपने पहले पोर्टफोलियो शूट की एक झलक शेयर की। ये वही तस्वीर थी, जिसने उनके करियर की शुरुआत में अहम भूमिका निभाई थी। दरअसल, इसी पोर्टफोलियो शूट के जरिए उन्हें मोहित सूरी की फिल्म 'गैंगस्टर' में डेब्यू करने का मौका मिला था, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। उन्होंने लिखा, 'आज मैंने फिल्म इंडस्ट्री में 20 साल पूरे कर लिए हैं। यह मेरा पहला पोर्टफोलियो है, जिसे जतिन कंपानी ने शूट किया था और इसी ने मुझे 'गैंगस्टर' में सिमरन का रोल दिलाया।' तस्वीर में कंगना रनौत ब्लू ड्रेस में स्टूडियो में खड़ी हैं और कैमरे से नजरें हटाकर पोज दे रही हैं, उनके कर्ली बाल पीछे की ओर लहराते दिख रहे हैं। वहीं, कंगना ने स्टोरी पर एक और फोटो शेयर की, जो उनके पहले मैगजीन शूट की थी. इसमे वो ब्लैक ड्रेस पहने हुए पोज दे रही हैं। बता दें, कंगना रनौत ने महज 18 साल की उम्र में गैंगस्टर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। अपनी पहली ही फिल्म में कंगना की दमदार अदाकारी को दर्शकों और आलोचकों दोनों ने खूब सराहा था।

हॉलीवुड मसाला



## छोटी सी बात बन गई बड़ी कहानी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों एक खबर काफी चर्चा में रही कि एक्ट्रेस एनी हैथवे ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के सेट से पतली मॉडल को हटाने के लिए प्रोडक्शन से बात की थी। हालिया एक इंटरव्यू में एनी हैथवे ने इस पूरे मामले पर खुलकर बात की है। 'गुड मॉर्निंग अमेरिका' शो में सेट पर हुई उस घटना के बारे में एनी हैथवे से पूछा गया। जिसमें कहा गया है कि फिल्म प्रोडक्शन ने पतली मॉडल्स को सेट से हटा दिया गया था। इस पर एनी हैथवे कहती हैं, 'यह सेट पर बस एक छोटी सी बात थी, अब यह एक बहुत बड़ी कहानी बन गई है।



## द डेविल वियर्स प्राडा 2 कल होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** साल 2006 में रिलीज ब्लॉकबस्टर हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा' चर्चा में है। 20 साल बाद अब इसका सीक्वल 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आ रहा है। यह फिल्म 01 मई को रिलीज हो रही है। साल 2026 में रिलीज हुई 'द डेविल वियर्स प्राडा' को भी डेविड फ्रैंकल ने ही डायरेक्ट किया था। एलीन ब्रॉश मैककेना ने ही तब भी स्क्रीनप्ले तैयार किया था। यह लॉरेन वीसबर्गर के 2003 के इसी नाम के बेस्टसेलर उपन्यास पर आधारित है। फिल्म का बेसिक प्लॉट ये है कि कहानी के केंद्र में एंडी सैक्स (ऐनी हैथवे) है, जो एक पत्रकार बनने की चाह रखने वाली लड़की है। उसे एक फैशन मैगजीन में नौकरी मिलती है, लेकिन वहां उसे अपनी सख्त एडिटर मिरांडा प्रीस्टली (मेरिल स्ट्रीप) की मर्जी से काम करना पड़ता है। साल 2006 में रिलीज 'द डेविल वयिर्स प्राडा' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रूप से सफल हुई थी।



## डांस डे पर शेयर किया अनोखा वीडियो

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी अपनी अपकमिंग फिल्म 'केडी- द डेविल' को लेकर चर्चा में हैं। रिलीज से एक दिन पहले इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से 'ए' सर्टिफिकेट के साथ मंजूरी मिल गई है। इससे पहले शिल्पा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो का कैप्शन फैंस का ध्यान खींच रहा है। 29 अप्रैल को डांस डे के मौके पर शिल्पा शेट्टी ने जो वीडियो शेयर किया है वह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि वह डांस कर रही हैं। वीडियो में एक और क्लिप है, जिसमें एक बुजुर्ग महिला डांस कर रही है। वीडियो के कैप्शन में शिल्पा शेट्टी ने उन लोगों को जवाब दिया है, जो लोग उनकी बढ़ती उम्र को लेकर टिप्पणी करते हैं। उन्होंने लिखा 'उम्र बढ़ रही है, कब तक ऐसे मटकती रहेगी।' इसके जवाब में उन्होंने लिखा 'मटकूंगी जब तक मन करेगा।



## राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन होगी छोटी

**मुंबई।** रितेश देशमुख अपनी आगामी फिल्म 'राजा शिवाजी'की रिलीज की तैयारी में लगे हैं। बड़े बजट में बनी राजा शिवाजी मराठी के साथ-साथ हिंदी में भी रिलीज होगी। आमतौर पर कई भाषाओं में रिलीज होने वाली फिल्मों की अवधि लगभग एक जैसी होती है, सिर्फ भाषा का अंतर होता है। लेकिन, यह फिल्म इस नियम को तोड़ती है। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन मराठी वर्जन से छोटा होगा। सीबीएफसी ने 'राजा शिवाजी'को 16+ आयु वर्ग के लिए सर्टिफिकेट दिया है। मराठी वर्जन की अवधि तीन घंटे, पंद्रह मिनट और पांच सेकंड है। जबकि हिंदी वर्जन इससे ठीक आठ मिनट छोटा है, यानी तीन घंटे सात मिनट और पांच सेकंड का है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फिल्म की अवधि कम होने का कारण सीबीएफसी द्वारा अनिवार्य कोई कटौती नहीं है।

टीवी मसाला



## तारक मेहता का उल्टा चश्मा में निभाए 20 से भी ज्यादा किरदार

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले 18 साल से दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है। साल 2008 में शुरू हुए असित मोदी के इस शो में अभी तक ढेरों कलाकार, ढेरों किरदारों में नजर आए और छा गए। दयाबेन से लेकर जेठालाल, बबीता जी, टप्पू सेना, पत्रकार पोपटलाल और बाबूजी जैसे मुख्य किरदारों के अलावा साइड किरदारों ने भी अपनी खूब छाप छोड़ी। आलम ये है कि 'तारक मेहता...' के कलाकारों को फैंस उनके असली नाम से नहीं, बल्कि शो में निभाए किरदारों से पहचानते हैं। लेकिन, इस शो में एक ऐसा एक्टर रहा है, जिसने इसमें 20 से अधिक किरदार निभाए और अलग ही रिकॉर्ड कायम कर दिया। यह हैं एक्टर नीलेश भट्ट। नीलेश भट्ट 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में छोटे-छोटे लेकिन 20 से अधिक किरदारों में नजर आए और छा गए। अगर उन्हें 'तारक मेहता...' का 'गिरगिट' कहा जाए, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। वह वाकई एक 'गिरगिट' हैं, जो दिए गए हर किरदार और रंग में इस तरह घुल गए, जैसे वह उनके लिए ही लिखा गया हो। नीलेश भट्ट ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जो किरदार निभाए, वो हैं- बाबू चिपके, शराबी ड्राइवर, भिड़े का रिश्तेदार, सुंदर का दोस्त, राजू भाई खाऊं गाली, कारपेंटर, खोटे क्लासेस, सोसाइटी का चोर, चंदू चिल्लर और हरियाली होटल के मैनेजर जैसे रोल शामिल हैं। हर किरदार में नीलेश भट्ट ने जान भर दी थी और दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया था। मालूम हो कि नीलेश भट्ट एक गुजराती एक्टर हैं।

### 50 की स्मृति का 51 साल का पोता!

**नई दिल्ली।** एकता कपूर का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' टीआरपी लिस्ट में नंबर 1 पर बना हुआ है। शो की कास्टिंग में बड़ा बदलाव हुआ है और एक्टर आकाशदीप सैगल की एंट्री हुई है। हालांकि, लोगों को ये बात पसंद नहीं आई। अब एक्टर ने भी इस पर सफाई दी है। आकाशदीप सैगल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की दुनिया में एक नए किरदार में वापसी कर रहे हैं। तुलसी विरानी के बागी बेटे अंश का किरदार निभाने के बाद, अब वे रीबूट में अंश के बेटे, तुलसी के पोते के रूप में नजर आएंगे। यह बदलाव शो के लिए एक तरह से



पूरा चक्र पूरा होने जैसा है, लेकिन कई दर्शकों को कास्टिंग पसंद नहीं आई है। लोगों का मानना है कि आकाशदीप की उम्र तुलसी का पोता बनने की नहीं है। हालांकि, आकाशदीप इसे एक क्रिएटिव कदम बताते हैं। दिलचस्प बात यह है कि शो के पहले सीजन में अंश को उसकी ऑनस्क्रीन मां तुलसी (स्मृति ईरानी) ने गोली मार दी थी।

## टॉक्सिक के बाद अब 'है जवानी तो इश्क होना है' की बदली रिलीज डेट

*मुंबई। आए दिन फिल्मों की रिलीज डेट में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों बंदर की रिलीज डेट बदली। वहीं, यश की मच अवेटेड 'टॉक्सिक'फिर आगे बढ़ गई। अब वरुण धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज में भी एक बार फिर बदलाव किया गया है। 22 मई को रिलीज होने वाली ये फिल्म अब नए बदलाव के साथ अपनी पुरानी रिलीज डेट यानी 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। टॉक्सिक की रिलीज डेट में बदलाव के बाद अब मेकर्स ने 'है जवानी तो इश्क होना है'की रिलीज डेट को भी फिरसे बदल दिया है। दरअसल, 'है जवानी तो इश्क होना है'अभी तक 22 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बुधवार को जैसे ही टॉक्सिक की रिलीज डेट 4 जून से आगे बढ़ी, वैसे ही मेकर्स ने 'है जवानी तो इश्क होना है'की रिलीज को 22 मई से बदलकर 5 जून कर दिया है। जाहिर है कि 'है जवानी तो इश्क होना है'की असल रिलीज डेट भी 5 जून ही थी, लेकिन 4 जून को टॉक्सिक के*



*रिलीज होने के चलते, मेकर्स ने इसे पहले 22 मई को ही रिलीज करने का फैसला किया था। लेकिन, अब टॉक्सिक 4 जून को रिलीज नहीं हो रही है। इसलिए, वरुण धवन की फिल्म अपनी असल रिलीज डेट 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज डेट बदलने पर वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने फिल्म के दो नए पोस्टर भी साझा किए और साथ ही यश और मैडॉक फिल्म्स को धन्यवाद भी बोला। वरुण ने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए लिखा, 'है जवानी तो इश्क होना है 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यश और मैडॉक फिल्म्स का धन्यवाद जिन्होंने हमारी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट तय करने में मदद की। अब यह फिल्म अपनी तय तारीख पर ही रिलीज होगी।*

## धुरंधर 2 में दिखाए गए धमाके हैं असली क्लाइमैक्स सीन में 500 लीटर पेट्रोल का इस्तेमाल

मुंबई। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' इस साल मार्च में रिलीज होते ही चर्चा का विषय बन गई। फिल्म के जबरदस्त एक्शन सीन और धमाकेदार सेट इसकी बड़ी खासियतें थीं। फिल्म के एसएफएक्स सुपरवाइजर विशाल त्यागी ने बताया कि फिल्म में दिखाए गए सभी धमाके असली थे। रणवीर सिंह और अर्जुन रामपाल के साथ फिलमाए गए क्लाइमैक्स सीन में 500 लीटर पेट्रोल का इस्तेमाल किया गया था। विशाल ने बताया कि उनसे अक्सर छोटे धमाके करने को कहा जाता है, जिन्हें बाद में सीजीआई की मदद से और बड़ा दिखाया जाता है। लेकिन, 'धुरंधर 2' में इस तरीके का इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने कहा, 'आदित्य धर ने कहा, 'मैं सीजीआई का इस्तेमाल नहीं करना चाहता,' खासकर धमाकों के लिए। जो आखिरी टैंकर धमाका था, वह सबसे मुश्किल था। उसमें सुरक्षा को लेकर सबसे बड़ी चिंता थी। जरा सोचिए- 500 लीटर पेट्रोल! उस धमाके से उड़ने वाले सभी टुकड़े असली थे। रणवीर धमाके वाली जगह के बहुत करीब चल रहे थे। मुझे यह पक्का करना था कि आग की लपटें उन तक न पहुंचें। हमने सारा काम पूरी सावधानी से किया और रणवीर सिंह को ठीक-ठीक बताया कि उन्हें कहां से चलना शुरू करना




है।' विशाल ने बताया 'मुझ पर प्रोडक्शन का बहुत प्रेशर था। धमाके के लिए असली ट्रेन और कंटेनरों का इस्तेमाल किया गया था। यह बहुत मुश्किल काम था, लेकिन हमें खुद पर भरोसा था। प्रोडक्शन टीम ने मुझसे 250 लीटर तेल इस्तेमाल करने को कहा था, लेकिन मैं अपनी बात पर अड़ा रहा कि कम से कम 500 लीटर तेल की जरूरत होगी। सही असर पाने के लिए, मुझे हर टैंक में 25 किलो विस्फोटक डालना पड़ा।' 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह एक जबरदस्त अवतार में नजर आए। इसमें उनके किरदार जसकीरत सिंह रंगी से हमजा बनने तक का सफर दिखाया गया है। फिल्म को अच्छे रिव्यू मिले हैं।

### लता ने अमर बना दिया दिल एक मंदिर का गीत

# वो कालजयी गीत, हसरत जयपुरी ने एक गाने में पिरोए 7 भाव

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर में कई ऐसे गीत बने, जो सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं रहे, बल्कि भावनाओं का दस्तावेज बन गए। साल 1963 में रिलीज हुई 'दिल एक मंदिर' का गीत 'हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे' भी उन्हीं कालजयी नग्मों में शामिल है। इस गीत को सुनते हुए ऐसा महसूस होता है मानो प्रेम के हर रंग को शब्दों और सुरों में ढाल दिया गया हो। गीतकार हसरत जयपुरी न इस एक गीत में सात अलग-अलग भावों से इतनी खूबसूरती से पिरोया कि यह गीत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है।



### भावनाओं की पूरी दुनिया समेटे हुए

इस अमर गीत को अपनी मधुर आवाज लता मंगेशकर ने दी थी। उनकी आवाज की मासूमियत और दर्द ने गीत के हर शब्द को जीवंत बना दिया। यही वजह है कि यह गाना सिर्फ एक रोमांटिक ट्रैक नहीं रहा, बल्कि प्रेम और विरह की गहराइयों को महसूस कराने वाला अनुभव बन गया। हसरत जयपुरी बॉलीवुड के उन चुनिंदा शायरों में से एक थे, जिनकी पंक्तियां सीधे दिल को छू जाती थीं। यह गाना न सिर्फ संगीतमय है, बल्कि भावनाओं की एक पूरी दुनिया समेटे हुए है। इसमें शिकायत, लगाव, सदमा, अनुरोध, समर्पण, व्यथा और शुद्ध प्रेम... ये सात भाव एक के बाद एक उभरते हैं और श्रोता को पूरी तरह बांध लेते हैं।

***कौन-कौन से हैं वो 7 भाव? पहला भाव: लगाव. 'हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे हैं' नायिका अपने पति से अपने लगाव का जिक्र करती है और बताती हैं कि कैसे वह प्यार में इतना खो गई है कि अब संसार में कुछ नजर नहीं आता।***

**दूसरा भाव:** शिकायत. 'तुम कहते हो के ऐसे प्यार को भूल जाओ, भूल जाओ' यहां नायिका अपने पति की बात पर शिकायत करती है कि वह कैसे इस गहरे प्यार को भूलने की बात कह सकते हैं।

**तीसरा भाव:** समर्पण. 'पंछी से छुड़कर उसका घर, तुम अपने घर पर ले आए, ये प्यार का पिंजरा मन भाया, हम जी ही जी में मुस्काए' जैसी लाइनें पूर्ण समर्पण दर्शाती हैं। नायिका प्यार को पिंजरा भी मानने को तैयार है, बस वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है।

**चौथा भाव:** सदमा. 'जब प्यार हुआ इस पिंजरे से, तुम कहने लगे आजाद रहो।' गाने की ये पंक्तियां सदमे की तीव्रता दिखाती हैं. जिसमें पति के प्रस्ताव से मिला गहरा सदमा पूरे गाने में झलकता है।

**पांचवां भाव:** अनुरोध. 'हम कैसे भुलाए प्यार तेरा, तुम अपनी जुबां से ये न कहो'. नायिका बार-बार अनुरोध करती है कि ऐसा न कहो, यह प्यार भूलने लायक नहीं है।

**छठा भाव:** व्यथा. 'अब इन चरणों में दम निकले, बस इतनी और तमन्ना है' जैसी पंक्ति व्यथा की पराकाष्ठा दिखाती है। गाने में छिपी वेदना और पीड़ा लता जी की आवाज में चरम पर है।

**सातवां भाव:** शुद्ध प्रेम. 'इस तेरे चरण की धूल से हमने, अपनी जीवन मांग भरी, जब ही तो सुहागन कहलाई, दुनिया के नजर में प्यार बनी'। एक औरत के लिए पत्नी बनने के बाद उसका पति ही सबकुछ होता है। पति से ही सुहाग प्रेम सब कुछ है। पूरे गाने का सार है शुद्ध, निश्छल और आत्मसमर्पण भरा प्रेम. जिसमें कोई स्वार्थ नहीं, सिर्फ एकनिष्ठ भक्ति है यानी शुद्ध प्रेम।

**बेहद लोकप्रिय हुआ यह गाना**

1963 में रिलीज होने के बाद यह गाना बेहद लोकप्रिय हुआ। आज भी जब यह गाना बजता है तो सुनने वाले की आंखें नम हो जाती हैं। यह गाना उस दौर की पतिव्रता, समर्पण और एकनिष्ठ प्रेम की भावना को दर्शाता है, जो आज के समय में भी अपनी प्रासंगिकता रखता है। आज के डिजिटल युग में भी यह गाना यूट्यूब, गाना और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लाखों बार सुना जा चुका है। यह साबित करता है कि सच्ची भावनाएँ और बेहतरीन शब्द कभी पुराने नहीं होते।

## खबर संक्षेप



### आईजी ने लागू किया स्मार्ट विवेचना मॉडल

**रायगढ़।** हत्या जैसे गंभीर अपराधों की विवेचना को त्रुटिहीन और वैज्ञानिक बनाने के लिए बिलासपुर रेंज पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने हत्या प्रकरणों में शत-प्रतिशत दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "स्मार्ट विवेचना" मॉडल लागू करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को रेंज स्तर के पुलिस अधिकारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। आईजी श्री गर्ग ने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य केवल आरोपी की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि वैज्ञानिक और ठोस साक्ष्यों के आधार पर अदालत में उसे सजा दिलाना प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई कार्यप्रणाली से विवेचना में पारदर्शिता, सटीकता और मजबूती आएगी इस नई रणनीति के तहत हत्या के हर मामले में 124 बिंदुओं की एक विस्तृत चेकलिस्ट लागू की गई है, जिसका पालन अब चार्जशीट दाखिल करने तक अनिवार्य रहेगा। इसका उद्देश्य विवेचना में किसी भी मानवीय त्रुटि को समाप्त करना और बचाव पक्ष को तकनीकी खामियों का लाभ लेने से रोकना है। नई व्यवस्था के अनुसार अब सभी प्रकार की जब्ती 'ई-साक्ष्य' ऐप के माध्यम से वीडियोग्राफी के साथ की जाएगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 105 के तहत यह प्रक्रिया साक्ष्यों की विश्वसनीयता को मजबूत करेगी और गवाहों के मुकरने की स्थिति में भी तकनीकी साक्ष्य प्रभावी रहेंगे। इसके तहत क्राइम सीन प्रबंधन को भी अधिक वैज्ञानिक बनाया गया है। 'गोल्डन ऑवर' के दौरान घटनास्थल को तत्काल सील कर फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मौजूदगी में ही साक्ष्य संकलन किया जाएगा। बिना दस्ताने किसी भी साक्ष्य को छूने पर सख्त रोक रहेगी।

### गौ तस्कर ने छोड़ा अपराध, किया समर्पण

**रायगढ़।** गौवंश तस्कर रब्बुल खान ने आखिरकार सरेंडर कर दिया। लंबे समय से फरार चल रहा यह आरोपी पुलिस की सख्त कार्रवाई और लगातार बढ़ते दबाव के आगे झुक गया। लैलूंगा थाना पुलिस ने सरेंडर के बाद आरोपी रब्बुल खान निवासी करवाजोर, को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, रब्बुल खान गौ तस्करी के संगठित नेटवर्क में सक्रिय भूमिका निभा रहा था और उसके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। वर्ष 2023 में एक और वर्ष 2026 में दो मामलों में उसका नाम सामने आ चुका है। दरअसल, 17 फरवरी 2026 को लैलूंगा पुलिस ने झगरपुर मार्ग पर घेराबंदी कर रब्बुल खान के साथी देवानंद यादव को 16 गौवंश के साथ गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि इन मवेशियों को ओडिशा के बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। इस मामले में देवानंद यादव को गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ कृषि परिरक्षण अधिनियम 1960 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी।

### उच्चभिट्ठी समपार फाटक मरम्मत के लिए बंद

**रायगढ़ ।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत किरोड़ीमलनगर यार्ड में स्थित मानव सहित उच्चभिट्ठी फाटक को दिनांक 01 से 05 मई तक केवल शाम 08 बजे से सुबह 06 बजे तक बीसीएम डीप स्क्रीनिंग (मरम्मत कार्य) करने हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर आवश्यक मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग पास में ही स्थित जिंदल अंडर पास व मुरारीपाली अंडर पास से उपलब्ध है।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ।** महिला पुलिस नाबालिग से दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी आर्यन सोनी पिता रमेश कुमार सोनी उम्र 19 वर्ष निवासी पार्क सिटी, कबीर चौक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बालिका की मां द्वारा 23 अप्रैल को महिला थाना में आरोपी के विरूद्ध बालिका का शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी। महिला थाना प्रभारी द्वारा घटना के बाद फरार गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में 23 अप्रैल को पीड़िता की मां द्वारा महिला थाना रायगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री के स्कूल का सीनियर छात्र रहा आरोपी आर्यन सोनी और उसके दोस्त पूर्व में उनके घर आते-जाते थे। रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2025 में जब बालिका घर पर अकेली थी, उस दौरान आरोपी ने बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद नवंबर माह में भी आरोपी द्वारा पुनः दुष्कर्म का प्रयास किया गया। आरोपी और उसके साथियों द्वारा फोन कर बदनाम करने तथा गाली-गलौच कर धमकाने से परेशान होकर पीड़िता ने अपनी मां को पूरी घटना बताई।

## विशेष शिविरों से प्रक्रिया में तेजी, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर

# निष्क्रिय खातों के निराकरण में तेजी, 6 करोड़ 86 लाख शासन के खाते में जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**जिला प्रशासन, कोषालय एवं बैंकिंग तंत्र के समन्वय से मिल रहा सकारात्मक परिणाम**




जिले में डीईएएफ एवं इनऑपरेटिव बैंक खातों के निराकरण को लेकर प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसे लेकर कलेक्टोरेट में बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान डीईएएफ एवं इनऑपरेटिव खातों को प्राथमिकता के आधार पर सक्रिय एक्टिवेट कराते हुए केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करने तथा नियमानुसार खातों का निष्पादन कर शेष राशि शासन के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए।

जिले की प्रगति के अनुसार डीईएएफ श्रेणी के 1 हजार 348 खातों में 4 करोड़ 95 लाख 77 हजार 665 दर्ज है जिनमें से 555 खातों को सक्रिय किया जा चुका है। इन सक्रिय खातों में 3 करोड़ से अधिक राशि शामिल है तथा 2 करोड़ 81 लाख 88 हजार 102 रुपए की राशि शासन खाते में जमा की जा चुकी है। इसी प्रकार इनऑपरेटिव श्रेणी के 3 हजार 560 खातों में 26 करोड़ 65 लाख 70 हजार 126 दर्ज है, जिनमें से 1922 खाते सक्रिय किए गए हैं। इन खातों में 13 करोड़ 92 लाख 89 हजार 691 रुपए की राशि है तथा 4 करोड़ 4 लाख 86 हजार 398 रुपए की राशि शासन खाते में जमा कराई जा चुकी है। जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर एवं लीड बैंक मैनेजर कमल किशोर सिंह ने बताया कि विभिन्न बैंकों एवं आहरण संवितरण अधिकारियों के समन्वय से जिले से अब तक कुल 6,86,74,500 रुपए की राशि शासन के खाते में जमा की जा चुकी है। शेष राशि को भी शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं त्वरित बनाने के लिए समय समय पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैए जिससे खाताधारकों का केवाईसी एवं सत्यापन कार्य तेजी से पूर्ण हो सके। बैठक में सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाते हुए निर्धारित समय.सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, लीड बैंक मैनेजर कमल किशोर सिंहए सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेंद्र चंद्रा सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## केरल से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया अमित का पार्थिव शरीर



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की संवेदनशील एवं त्वरित पहल के परिणामस्वरूप जिले के विकासखंड फरसाबहार अंतर्गत ग्राम पगुराबहार (सराईटोली) निवासी अमित राम का पार्थिव शरीर केरल के कोझिकोड से उनके गृह ग्राम सुरक्षित रूप से पहुंचाया गया।

अमित राम केरल के कोझिकोड में ट्रेन से यात्रा के दौरान दुर्घटनावश ट्रेन से नीचे गिरने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के पश्चात शोकाकुल परिजनों ने पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम लाने के लिए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से सहायता हेतु निवेदन किया था। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आवश्यक समन्वय स्थापित किया। इसके परिणामस्वरूप अमित राम के पार्थिव शरीर को विमान के माध्यम से केरल से रांची तक लाया गया। इसके पश्चात मुक्तांजली वाहन के जरिए उन्हें उनके गृह ग्राम पगुराबहार(सराईटोली) पहुंचाया गया। किसी प्रियजन की असमय मृत्यु परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है, विशेषकर जब यह घटना घर से दूर घटित हो। ऐसे समय में पार्थिव शरीर को शीघ्र घर लाना परिजनों की सबसे बड़ी आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय द्वारा की गई इस त्वरित एवं मानवीय पहल ने शोकाकुल परिवार को बड़ी राहत और मानसिक संबल प्रदान किया है।

## सेवानिवृत्ति के दिन ही पटवारी बोनिफास को मिला पीपीओ



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार राजस्व विभाग में एक सराहनीय पहल के तहत सेवानिवृत्त पटवारी बोनिफास खल्खो को उनके सेवानिवृत्ति दिवस पर ही अंतिम पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान किया गया। यह पहल शासन की मंशानुरूप समयबद्ध सेवा वितरण का उत्कृष्ट उदाहरण बनी है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुनकुरी द्वारा श्री खल्खो के सेवानिवृत्ति अवसर पर उन्हें सम्मानपूर्वक पीपीओ प्रदान किया गया। साथ ही शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनके दीर्घकालीन योगदान का सम्मान किया गया।

## 9 मई को होगी नेशनल लोक अदालत

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में शनिवार 09 मई को इस वर्ष का द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। इस संबंध में न्यायालयों में पंजीकृत प्रकरणों के दोनों पक्षकारों को कोर्ट द्वारा मध्यस्थता की सूचना जारी किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति माननीय न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के न्यायालय, समस्त बैंक, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग आदि के पेंडिंग कर और बिल भुगतान कर सकते हैं।

# पंचायतों की राशन दुकानों में गड़बड़ी

**पुसौर।** पुसौर विकासखंड की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर होती रही है। आरोप है कि दर्जनों दुकान संचालक हर महीने लाखों रुपए की शासकीय राशि शासन के खाते में जमा ही नहीं कर रहे हैं।

वहीं महिला स्व सहायता समूहों के नाम पर आवंटित दुकानों पर बाहरी ठेकेदारों का कब्जा है। क्षेत्र की 89 ग्राम पंचायतों में से अधिकांश में यही हालात बताए जा रहे हैं। नियमानुसार शासकीय राशन दुकान का आवंटन प्राथमिकता के आधार पर महिला स्व सहायता समूहों, सहकारी समितियों और ग्राम पंचायतों को किया जाता है। पुसौर में कई दुकानें महिला समूहों के नाम पर आवंटित हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि समूह की महिलाओं को हर महीने 2 से 3 हजार रुपए देकर दुकान का पूरा संचालन बाहरी ठेकेदार कर रहे हैं। एक ग्रामीण ने बताया कि हमारे यहां महिला समूह के नाम पर दुकान है पर चलाता ठेकेदार है। स्टॉक, बिल वसूली सब वही देखता है। समूह की दीदियों को महीने में एक बार बुलाकर अंगूठा लगवा लिया जाता है। नियमानुसार संचालकों को हर माह राशन वितरण के बाद उपभोक्ताओं से प्राप्त राशि को ई चालान के माध्यम से शासन के खाते में जमा करना होता है। सूत्रों का दावा है कि पुसौर क्षेत्र के कई संचालक 3 से 6 महीने तक राशि दबाकर बैठे हैं। पीडीएस पोर्टल पर ऑनलाइन वितरण दिखाकर अगला आवंटन भी उठा लिया जाता है जबकि पिछली राशि जमा नहीं होती। पिछले एक साल में क्षेत्र की 6 से अधिक राशन दुकानों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। संचालकों ने पुलिस में रिपोर्ट भी दर्ज कराई, लेकिन आज तक किसी भी मामले में रिकवरी या गिरफ्तारी नहीं हुई। ग्रामीणों को संदेह है कि स्टॉक में हेराफेरी छिपाने के लिए चोरी का बहाना बनाया जा रहा है। ग्राम तडोला के पूर्व पंच ने कहा दुकान में कई क्विंटल शक्कर चोरी होना बताया गया जिसका पुलिस में रिपोर्ट भी हुआ लेकिन खानापूर्ति भर हुई जिसमें न जांच हुई न वसूली।




## ग्रामीण युवतियों के लिए निःशुल्क सिलाई, बैग निर्माण प्रशिक्षण



**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था, कांसाबेल द्वारा फरवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों के लिए निःशुल्क सिलाई एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 14 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

संस्था द्वारा प्रशिक्षण के लिए उन युवतियों का चयन किया गया, जो आर्थिक रूप से कमजोर थीं, या प्रेम प्रसंग, लैंगिक अपराध एवं मानव तस्करी जैसी परिस्थितियों से प्रभावित होकर आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता महसूस कर रही थीं। तीन माह तक चले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सिलाई एवं बैग निर्माण के साथ-साथ साबुन बनाना, नींबू, इमली, टमाटर, आंवला एवं कटहल का अचार बनाना तथा झुमर तैयार करने की विधि भी सिखाई गई। इसके अलावा, प्रतिभागियों को मानव तस्करी रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम एवं लैंगिक अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों और लड़कियों से जुड़ी वास्तविक घटनाओं के उदाहरण देकर आत्म-सुरक्षा के उपाय भी बताए गए। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही उन्हें अपने सीखे हुए कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने और परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि तीन माह के प्रशिक्षण में उन्होंने न केवल सिलाई एवं अन्य व्यावसायिक कौशल सीखे, बल्कि अनुशासन में रहना, बड़ों का सम्मान करना, सही ढंग से संवाद करना और किसी के बहकावे में न आने जैसी महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी सीखी।

## डे केयर सेंटर सियानगुड़ी में विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** समाज कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं अनुदानित डे केयर सेंटर (सियान गुड़ी), में विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे अतिथियों के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार से आए हुए अतिथि श्याम किशोर तिवारी, सुनैना तिवारी, डॉ मृगेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की मुख्य झलकियां में गायत्री परिवार के द्वारा जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली प्रेरणादायक बातें साझा की गईं। आध्यात्मिक ज्ञान, संस्कार निर्माण तथा समाज कल्याण एवं नशा मुक्ति से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया गायत्री परिवार के द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की जानकारी उपस्थित सियान लोगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को दी गई। मनोरंजन कार्यक्रम, भोजन एवं पुरस्कार वितरण का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। डे केयर सेंटर के संचालक प्रभाकर द्विवेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के महत्वाकांक्षी योजना डे केयर सेन्टर खुलने से स्थानीय लोगो को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। केन्द्र का उद्देश्य है कि सियान लोगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान, स्वास्थ्य, नाश्ता, भोजन, आध्यात्मिक मार्गदर्शन, फिजियोथेरेपी, कौशल गतिविधि, परामर्श, समूह चर्चा, इत्यादि उपलब्ध सुविधाएं निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रमों से वरिष्ठजनों में नई ऊर्जा का संचार होता है जो प्रति सप्ताह एक विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

* **रायगढ़।** रेलवे प्रशासन ने यात्री सुविधाओं को आधुनिक और अधिक सुगम बनाने की दिशा में एक नई पहल करते हुए रायगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन की शुरुआत की है। इस सुविधा के शुरू होने से अब यात्रियों को ठंडे पेय पदार्थ लेने के लिए कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह अप्रैल 2026 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## आधे घंटे की आंधी और बारिश से ठप हुई बिजली, 7 घंटे ब्लैक आउट

▪ कई फीडर में आई समस्या, 8 पाईंट में इंशोलेटर भी फटे, रात भर परेशान होते रहे शहरवासी

**रायगढ ।** मंगलवार की रात तेज आंधी तूफान के साथ आधे घंटे की बारिश की वजह से पूरा शहर ब्लैक आउट हो गया । आलम यह रहा कि पूरे शहर में बिजली आपूर्ति करीब 5 से 7 घंटे तक बाधित रही। बारिश और गाज के कारण करीब 7 से 8 पॉइंट में इंशोलेटर भी भष्ट हो गए और करीब 15 से 20 पोल क्षतिग्रस्त हो गए, ऐसे में इन इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल करने में ज्यादा समय लग गया। जिसकी वजह से शहरवासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।



रात को हुई बारिश के कारण एक ओर जहां तापमान में गिरावट आए, वहीं बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह से शहरवासियों को रतजगा करना पडा । शहर में हर तरफ पेड के डंगाल गिरने की वजह से तार टूट गए थे, कहीं पोल को क्षति हुई थी । बताया जा रहा है कि करीब एक दर्जन फीडर बारिश व आधी तूफान के कारण बंद करने पड गए थे। कुछ इलाकों में 2 से 3 घंटों के भीतर ही बिजली आपूर्ति बहाल हो गई तो कई जगहों पर व्यवस्था दुरूस्त करने में 5 से 7 घंटे का वक्त लग गया । आलम यह रहा कि बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए 6 टीम की ड्यूटी लगाई थी, जो अलग-अलग जगहों पर पहुंच कर तकनीकी खामियों को दूर करने में लगी रही। बताया जा रहा है कि कोतरा रोड फीडर में अन्य जगहों की तुलना में ज्यादा तकनीकी समस्या आई थी, जिसकी वजह से शहर के एक हिस्से में बिजली आपूर्ति बहाल करने में ज्यादा समय लग गया ।

## हादसे में मृतक परिवार को 2 लाख की आर्थिक सहायता



**जशपुरनगर।** प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं का असर अब जमीनी स्तर पर साफ नजर आने लगा है। तेंदूपत्ता सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत एक पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है।

हादसे में मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जिससे परिवार को इस कठिन समय में सहारा मिला है और उनकी आर्थिक स्थिति को कुछ मजबूती मिली है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम फरदबहार तहसील फरसाबहार निवासी स्वर्गीय विनोद साय की नदी में नहाने के दौरान अचानक पैर फिसल जाने से गंभीर चोट लग गई थी। हादसे में उनका पैर बुरी तरह घायल हो गया था। परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और आर्थिक संकट भी गहरा गया।मृतक की पत्नी चिरंजीवी पैंकरा ने अपनी समस्या को लेकर बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय का रुख किया। उन्होंने आवेदन देकर तेंदूपत्ता सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत बीमा राशि दिलाने की मांग की। प्रारंभिक स्तर पर उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था, जिससे परिवार को काफी परेशानी हो रही थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त